## Debit/Credit Card द्वारा प्रव्रजन प्रमाण पत्र (Migration Certificate) प्राप्त करने हेतु ऑन-लाइन आवेदन की प्रक्रिया

1. छात्र/छात्रायें विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.kanpuruniversity.org के होम पेज पर बने लिंक "Online Application for Migration Certificate" के अन्तर्गत बने लिंक "Important Instruction for Migration Certificate" पर उपलब्ध नियम एवं शर्ते पढने के उपरान्त ही आवेदन करें ।
2. अभ्यर्थियो को Migration Certificate हेतु आवेदन करने के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.kanpuruniversity.org के होम पेज पर बने लिंक "Online Application for Migration Certificate" के पृष्ठ पर "SUBMISSION THROUGH DEBIT/CREDIT CARD" के अन्तर्गत बने लिंक "Online Submission of Migration Certificate through Debit/Credit Card" पर Click करना होगा ।

3- अभ्यर्थियो को स्क्रीन पर दिये गये निर्देशो से सहमत होते हुऐ **I Agree** पर Click करना होगा ।

4- आवेदन करते समय अभ्यर्थियों से उनका इनरोलमेन्ट नम्बर एवं स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष कक्षा का अनुक्रमांक, उत्तीर्ण वर्ष एवं कक्षा का विवरण तथा परास्नातक पाठ्यक्रमों के लिए प्रथम व अन्तिम वर्ष कक्षा का अनुक्रमांक, उत्तीर्ण वर्ष एवं कक्षा का विवरण फीड किया जायेगा ।

5. उक्त सूचनाओं के आधार पर कम्प्यूटर पर सम्पूर्ण विवरणों सहित एक स्क्रीन आयेगी।
6. इस स्क्रीन पर आने वाले विवरणों की जॉच अभ्यर्थियों द्वारा अपने मूल अभिलेखों से करके Final Submission किया जायेगा । स्क्रीन पर उपलब्ध विवरणों एवं मूल अभिलेखों में उपलब्ध विवरण में भिन्नता होने पर अभ्यर्थी को Record Updation हेतु विश्वविद्यालय से सम्पर्क करना होगा । Record सही होने के उपरान्त अभ्यर्थी आन-लाइन आवेदन की कार्यवाही कर सकेंगे ।

7- समस्त सूचनाओं की पूर्ति करने के उपरान्त ही अन्तिम रूप से आवेदन Submit हो सकेगा । आवेदन करने के पश्चात किसी भी प्रकार का परिवर्तन स्वीकार्य नही होगा।

8- Submit करने के पश्चात एक नया Page प्रदर्शित होगा जिसमें अभ्यर्थी द्वारा दिया गया विवरण एवं एक Registration Number होगा तथा **Pay Now** का बटन होगा ।

9- Pay Now को Click करके अभ्यर्थी को Axis Bank की Website पर अपने Debit/Credit Card का विवरण (कार्ड धारक का नाम, कार्ड की वैधता तिथि एवं सी. वी.वी. नम्बर) की प्रविष्ट करनी होगी ।

10- Debit/Credit Card के विवरण का सत्यापन होने पर अभ्यर्थी Debit/Credit Card से भुगतान किये जाने की स्वीकृति देगा ।

11- भुगतान प्राप्त की स्वीकृति होने पर विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर "Successful Transaction" के संदेश के साथ ही Transaction ID भी प्राप्त होगी ।

12- अभ्यर्थी को विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.kanpuruniversity.org के होम पेज पर बने लिंक "Online Application for Migration Certificate" के पृष्ठ पर "SUBMISSION THROUGH DEBIT/CREDIT CARD ONLY" के अन्तर्गत बने लिंक "Generate Migration Certificate " को Click करना होगा ।

13- अगली स्क्रीन में अभ्यर्थी को निर्दिष्ट स्थान पर Registration Number एवं Transaction ID की प्रविष्टि करनी होगी जिसके पश्चात Migration Certificate का पूर्ण फार्म PDF में खुल जायेगा । जिसका Printout अभ्यर्थी को निकालना होगा ।

14- उपरोक्तानुसार प्राप्त Migration Certificate को अभ्यर्थी अन्य किसी भी विश्वविद्यालय/संस्थान में प्रवेश हेतु प्रयोग कर सकता है ।

**विशेष :**

1- कम्प्यूटर जनित Migration Certificate के विनिष्ट या खो जाने की दशा मे "Generate Migration Certificate" लिंक के द्वारा Reprint किया जा सकता हैं ।

2. उपरोक्तानुसार कम्प्यूटर जनित Migration Certificate में सत्यापन की व्यवस्था भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.kanpuruniversity.org के होम पेज पर बने लिंक "Verify Migration Certificate" पर उपलब्ध है । सत्यापन हेतु कम्प्यूटर जनित Migration Certificate पर मुद्रित नौ अंकीय क्रमांक (Serial Number) का प्रयोग किया जायेगा ।